# अरब के उद्योगपति भी सीएम योगी की कार्यशैली के मुरीद

## दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधन और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की जमकर सराहना



नैमिषारण्य स्थित राज राजेश्वरी मंदिर में पूजा करते सीएम योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर। संवाद

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कामकाज की शैली से अरब के उद्योगपति सहित तमाम अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख भी मुरीद हो गए हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक पैसा वहीं लगाते हैं जहां सुरक्षा व मुनाफे की गारंटी हो। यूपी की बदली छवि ने ही उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया।

सीएम योगी के दूरदर्शी नेतृत्व, बेहतरीन संसाधन, बुनियादी ढांचा व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की सराहना उद्योग समूहों के दिग्गज भी कर रहे हैं। लुलु समूह के अध्यक्ष एमए यूसुफ अली ने कहा कि निवेशक निवेश से पहले दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधन, अच्छा बुनियादी ढांचा व व्यापार करने में आसानी देखते हैं। ये चारों चीजें यूपी में हैं। यही वजह है कि यूपी समूह की प्राथमिकताओं में शुमार हो गया है। यूएई के शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (रि.) शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि एक आदमी, एक परिवार, एक समाज अपना पैसा वहीं निवेश करना चाहता है जहां पूरी तरह संतुष्ट व आश्वस्त हो कि उसका निवेश फायदेमंद होगा।

>> मैं धार्मिक हूं, क्योंकि मुझे देश के लिए काम करना है : पेज 10

### छह माह में इकाई को मंजूरी दिलाने वाला यूपी पहला राज्य

एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी जरूरत पड़ी, हमें यूपी में निवेश के अपने निर्णय के लिए जबर्दस्त साथ मिला है। डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी जैसे आयोजन की मेजबानी के लिए सराहना की। कहा, इसने 12 हजार रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। 80 फीसदी दर्शक बाहर से आए। ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि महेश पांडे ने कहा कि अन्य राज्यों में जहां इकाई लगाने के लिए जरूरी एनओसी लेने में ही ढाई साल लग जाते हैं, वहीं छह महीने के भीतर हमें यह मंजूरी दिलाने वाला यूपी पहला राज्य है।